<u>प्रैस नोट</u>

दिनांकः- 19.09.2020

डॉ0 विपिन ताडा, पुलिस अधिक्षक, जनपद अमरोहा के निर्देशन मे आज दिनांक- 19.09.2020 को जनपद मे अपराधियो के विरूद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा राहगीर से लूट करने करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोग मे वाँछित अभियुक्त सैफअली पुत्र जफरूद्दीन निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना अमरोहा देहात के कब्जे मय लूट के 500 रूपये , 01 मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल के गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।
- थाना बछरायूं पुलिस द्वारा वांछित गैंगस्टर अभियुक्त जीकरन उर्फ घन्टा पुत्र मौ0 जान निवासी मौ0 अतालतपुरा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।
- थाना सैदनगली पुलिस द्वारा अभियुक्त साबिर पुत्र नसीर निवासी ग्राम सोंहत थाना सैदनगली जनपद अमरोहा को मय 50 लीटर अवैद कच्ची शराब के गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना सैदनगली पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।
- थाना आदमपुर पुलिस द्वारा बाईकर्स गैंग के विरुद्ध चलाये गये ऑपरेसन बुलेट के अन्तर्गत चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1. कृष्ण पुत्र टेकचंद व 2. विपिन पुत्र मुरारी निवासीगण ग्राम पथरा थाना आदमपुर जनपद अमरोहा को मय 1-1 तमंचा 315 बोर व 1-1 जिंदा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना आदमपुर पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।
- थाना आदमपुर पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अधि0 मे 03 अभियुक्त 1. महेन्द्र पुत्र बोहरन 2. ललित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम दमगडी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा व 3. गोदन पुत्र हरलाल निवासी ग्राम बिजनौरा थाना सैदनगली जनपद अमरोहा के कब्जे से 06 गाँय व 02 बछडो के मुक्त कराया गया तथा थाना आदमपुर पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।
- जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना डिडौली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना नौगावां सादात पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा 02 व्यक्ति, थाना गजरौला पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति व थाना हसनपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्ति का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया गया।